रिस्पना नदी में अतिक्रमण पर सरकार से मांगा जवाब

नैनीताल। हाईकोर्ट ने देहरादून की रिस्पना नदी में हुए अतिक्रमण के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार, केंद्रीय पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केंद्र सरकार से तीन सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले के अनुसार देहरादून निवासी उर्मिला थापा ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि देरहादून की रिस्पना व बिंदल नदी में लोगों ने अतिक्रमण कर पक्के घर बना लिए हैं जिनका कूड़ा नदी में डाला जा रहा है और नालों का मार्ग अवरुद्ध कर दिया है। जिस कारण बरसात के समय घरों में पानी भरने की समस्या उतपन्न हो जा रही है। नालों और खालों में भी अतिक्रमण कर दिया है। याचिकाकर्ता ने याचिका में यह प्रार्थना की है कि नदी, नालों व खालो से अतिक्रमण हटाया जाय। मामले को सुनने के बाद मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति रमेश रंगनाथन व न्यायमूर्ति एनएस धानिक की खण्डपीठ ने राज्य सरकार केंद्र सरकार व प्रदूषण बोर्ड से तीन सप्ताह के भीटे जवाब पेश करने को कहा है।

मारपीट की सीसीटीवी की सीडी प्रस्तुत करने के निर्देश

नैनीताल। हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट नैनीताल के अधिवक्ता खुर्पाताल निवासी रवि कनवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने सुनवाई करते हुए मल्लीताल कोतवाली को निर्देश दिए हैं कि वह सीसीटीवी कैमरे की सीडी कोर्ट में प्रस्तुत करें। सरिता नेगी ने अपनी गिरफ्तारी पर रोक के लिए याचिका दायर की है।

लिंग परिवर्तन पर फैसला सुरक्षित

नैनीताल। हाईकोर्ट ने लिंग परिवर्तन कर महिला बनी याचिकाकर्ता की याचिका पर सुनवाई बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया है। मामले के अनुसार शिल्पी लारेंस ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि वह लिंग परिवर्तन कर लड़की बन गई है। इसलिए उसे लड़की माना जाय। याचीकाकर्ता का यह भी कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय नाल्सा बनाम यूनियन आफ इंडिया में यह अवधारित किया गया है कि जो पुरुष ट्रांसजेंडर से महिला बनेंगी उन्हें महिला माना जाएगा और जो महिला से पुरुष बनेंगे उन्हें पुरुष माना जायेगा। याचिकर्ता का कहना है कि पुलिस उसको महिला नहीं मान रही है। सरकार ने याचिका का विरोध कर कहा है कि इनको महिला तब तक नहीं माना जा सकता जब तक केंद्र सरकार से कोई कानून नहीं बन जाता। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ में हुई। मामले को सुनने के बाद कोर्ट ने निर्णय सुरक्षित रख लिया है। वहीं याचिकर्ता ने अपनी याचिका में अभियुक्त परीक्षित जोशी की जमानत निरस्त करने की मांग भी की है। अभियुक्त पर याचिकर्ता के साथ यौन शोषण का मामला दर्ज है, जिसे पूर्व में कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

आनलाइन भरे जायेंगे बैक पेपर के आवेदन पत्र

नैनीताल। कुविवि द्वारा 15 मई से आयोजित की जाने वाली सेमेस्टर परीक्षा संस्थागत व भूतपूर्व परीक्षार्थियों बीए, बीएससी, बीकाम द्वितीय सेमेस्टर, चतुर्थ समेस्टर व षष्ठम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा तथा बैक पेपर परीक्षा व एमए, एमकाम, एमएससी द्वितीय सेमेस्टर तथा चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के लिये आवेदन पत्र विवि की बेबसाइट के माध्यम से आनलाइन भरे जायेंगे। लेकिन अब तक पोर्टल में परीक्षा आवेदन पत्र भरने में जो छात्र असमर्थ रहे हैं, वह अब 18 मई तक आवेदन पत्र आनलाईन माध्यम से विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक संजय पंत ने बताया कि विद्यार्थी अपने महाविद्यालय व परिसर के माध्यम से अपना प्रवेश सत्यापित कर परीक्षा आवेदन पत्र आनलाईन माध्यम से जमा कर सकते हैं। नेट बैंकिंग के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा किया जाना आवश्यक है।

अधिवक्ता से मारपीट के आरोपी की हो गिरफ्तारी

हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी करते अधिवक्ता

नैनीताल। सड़ियाताल में जिला बार के अधिवक्ता रवि कनवाल पर जानलेवा हमला करने वाली महिला उद्यमी व उसके रिश्तेदार इंदर नेगी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर जिला बार एसोसियेशन ने प्रस्ताव पारित किया। अधिवक्ताओं ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। मंगलवार को घटना के विरोध में सभी अधिवक्ता कार्यो से विरत रहे। पारित प्रस्ताव जिला जज, आयुक्त, डीएम, एसएसपी व उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष को भी सौंपा गया। मंगलवार को जिला बार सभागार में जिला बार एसोसियेशन के अध्यक्ष हरिशंकर कंसल की अध्यक्षता व महासचिव तरूण बिष्ट के संचालन में आयोजित बैठक में घटना के दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में इस घटना की कड़ी निंदा की गई। इस अवसर पर जिला बार एसोसियेशन के अध्यक्ष हरिशंकर कंसल की अध्यक्षता व महासचिव तरुण बिष्ट, उपाध्यक्ष प्रदीप परगाई, बार पदाधिकारी रविशंकर आर्य, मुकेश कुमार, प्रमोद तिवारी, हरेन्द्र बिष्ट, समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे। हाईकोर्ट बार एसोसियेशन के महासचिव जयवर्धन कांडपाल व अध्यक्ष पूरन सिंह बिष्ट ने भी जिला बार एसासियेशन को समर्थन दिया है।

आरोपी गिरफ्तार

नैनीताल। मंगलवार को अधिवक्ता पर हमला करने के एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीओ विजय थापा ने बताया कि पुलिस ने अधौड़ा, बजून निवासी गौरव मेहरा पुत्र खीम सिंह मेहरा को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया जिसे मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



बादल घिरने से तापमान में गिरावट

नैनीताल। मंगलवार को नैनीताल सहित पर्वतीय क्षेत्रों में सुबह से बादल छाने व धूप खिलने के कारण मौसम सामान्य रहा। बीते दिन हुई वर्षा के कारण यहां तापमान में गिरावट आई है। यहां पिछले 24 घंटों में 10 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। वर्षा होने से जंगलों में लगी आग भी थम गई है। जिससे वन विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। सुबह सांय यहां ठंड बढ़ने के कारण मई माह में फिर गर्म कपड़े निकल गये है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा होने के आसार बने हुए है। फिलहाल बदलते मौसम का लोगों ने आनंद उठा रहे है। बीते दिनों से नैनीताल के आसपास के जंगलों में लगी आग से वातावरण में छाई धुंध भी छट गई है।

जलील अहमद अध्यक्ष, ओमप्रकाश बने शाखा मंत्री

रोडवेज कर्मचारी यूनियन के विभिन्न पदों पर चुनाव संपन्न

हल्द्वानी। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन से निष्कासित किये गये हल्द्वानी डिपो शाखा अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए मंगलवार को चुनाव सम्पन्न हुए।

चुनाव अधिकारी प्रांतीय संयुक्त मंत्री हरीश जोशी और क्षेत्रीय संयुक्त मंत्री केके यादव की देखरेख में सर्वसम्मति से अध्यक्ष, मंत्री समेत तमाम पदों पर पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर जलील अहमद और ओमप्रकाश को शाखा मंत्री मनोनीत किया गया। वहीं रजनीश कुमार व अमित मलिक को उपाध्यक्ष, भानु प्रताप व महेंद्र सिंह को संयुक्त मंत्री, मिथलेश यादव को संगठन मंत्री, मो. आफताब को कोषाध्यक्ष, संदीप कुमार को कार्यालय सचिव की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा

रामअवध यादव, आरएस नेगी, केके यादव, अफसर अंसारी, संजीव अग्रवाल, मो. इमरान, मिंदा सिंह व जीत राज को कार्यकारिणी सदस्य, जोगेंद सिंह, जावेद हसन, विश्वास सिंह, अजय सिंह को प्रांतीय सदस्य तथा अख्तर चौधरी, इकबाल अहमद, भूपेंद्र राठी को विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया। नवमनोनीत अध्यक्ष व मंत्री ने कहा कि वे कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिये काम करने के साथ ही संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिये हमेशा तत्पर रहेंगे। इस दौरान कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

रोडवेज कर्मी कार्यबहिष्कार पर अडिग

मंडलीय प्रबन्धक से वार्ता सफल

हल्द्वानी। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के नैनीताल मंडल द्वारा दिये गये 20 सूत्रीय मांग पत्र पर मंडलीय प्रबंधक के साथ हुई वार्ता सफल रही। हालांकि कर्मचारियों ने 16 मई से प्रस्तावित काम्रबहिष्कार पर अडिग रहने का ऐलान किया है। मंगलवार को घंटों चली मैराथन वार्ता के बाद यूनियन के संरक्षक आरएस नेगी ने बताया कि देर तक चली वार्ता में काठगोदाम डिपो के अधिकारियों के गैर हाजिर रहने, काठगोदाम डिपो के नोटिस पर 15 मई को बैठक फिर मंडलीय प्रबंधक संचालन के कार्यालय में होगी, जिससे 16 मई से कार्यबहिष्कार का कार्यक्रम यथावत रहेगा। यूनियन के नैनीताल मंडल के क्षेत्रीय अध्यक्ष एलडी पालीवाल और मंत्री रामअवध यादव ने बताया कि यूनियन के दबाव में आज पूरे प्रदेश के विशेष श्रेणी-संविदा कर्मचारियों का वेतन रिलीज कर दिया है और जब तक नियमित कर्मचारियों का वेतन रिलीज नहीं होगा कर्मचारी चुप नहीं बैठेंगे। वार्ता में मंडलीय महाप्रबन्धक संचालन यशपाल सिंह, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष एलडी पालीवाल, मंत्री राम अवध यादव, संरक्षक आरएस नेगी, अरुण सिंह, लक्ष्मण अधिकारी, दयाल जोशी, आनंद बिष्ट, कौशल जोशी, सुरेश चंद आर्या, किशोरी लाल शामिल थे।

संक्षिप्त

पूर्व सैनिक आश्रितों के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण शुरू

हल्द्वानी। हिल्ट्रान कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र में मंगलवार से पूर्व सैनिक आश्रितों के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर कोर्स शुरू हो गया। इसका शुभारंभ केन्द्र प्रबंधक प्रतिमा नैनवाल व जिला सैनिक कल्याण बोर्ड अधिकारी कैप्टन (आईएन) सेनि. आरएस धपोला ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम का संचालन कुमुद भट्ट ने किया। इस दौरान पूर्व सैनिक केएस रौतेला, हिल्ट्रान से दीपक नैनवाल, रमेश भट्ट, जगदीश सिंह, गणेश सिंह, भावना, केसी तिवारी, नवीन जोशी, नितेश, सीमा बिष्ट, संजय लोहनी, कमला रैकुनी मौजूद थे।

पूर्व विधायक मिले देवेंद्र के परिजनों से

भीमताल। पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी ने धारी के बबियाड़ गांव निवासी जवान देवेंद्र सिंह सम्भल की मौत पर गहरा दुःख जताया है। मंगलवार को पूर्व विधायक मृतक जवान की माता गोमती देवी से मिले और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने सरकार से जवान के परिजनों को सरकारी नौकरी देने की मांग की। इस मौके पर प्रधान युगल किशोर, घनश्याम पलड़िया, खीम राम बिष्ट, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, खड़क सिंह बर्गली आदि मौजूद रहे। बता दें बीते शनिवार को आर्मी कैंट रानीखेत में तैराकी का प्रशिक्षण लेते समय स्वीमिंग पूल में डूबने से जवान देवेन्द्र सिंह की मौत हो गई थी।

मां की स्मृति में बांटी कापी-किताबें

भीमताल। समाज सेवी रवि कुंजवाल ने अपनी माता जया गुप्ता की स्मृति में मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय नौल में बच्चों को निःशुल्क पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया। उन्होंने वार्ड के सभासद रामपाल गंगोला के माध्यम से विद्यालय के 24 बच्चों को कापी, किताब, रबर, पेन, कलर समेत अन्य पठन सामग्री का निःशुल्क वितरण कराया। सभासद गंगोला ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए समाज के अन्य सामर्थ लोगों से भी गरीबों की मदद के लिए आगे आने पर जोर दिया। प्रधानाध्यापक जगत सिंह रावत ने समाज सेवी रवि कुंजवाल का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सभासद रामपाल गंगोला, चंदन राम, सुरेश सुयाल, सत्येन्द्र पांडे समेत अन्य अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

अधिवक्ता शर्मा को किया सम्मानित

नैनीताल। हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डीके शर्मा के बार कौंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य चुने जाने पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने उन्हें सम्मानित किया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में वक्ताओं ने डीके शर्मा के बार कौंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए अधिवक्ताओं के हित में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पूरन सिंह बिष्ट, महासचिव जयवर्धन कांडपाल, महिला उपाध्यक्ष श्रुति जोशी, वीबी शर्मा, संदीप तिवारी, अनिल डबराल, गौरा देवी देव, भुवनेश जोशी, राजेश जोशी, डीएस पाटनी, ममता जोशी, गीता परिहार, आलोक मेहरा, डीएस बनकोटी, बीएस रावत, अहरार बेग, विपुल शर्मा, सीमा साह, अकरम परवेज सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे। समारोह में हाईकोर्ट के स्थायी अधिवक्ता सुहाग रतन जोशी को उनकी कोर्ट की अवमानना विषय पर लिखी पुस्तक के लिए भी सम्मानित किया गया।

मतगणना परिणाम के लिए कर्मचारियों को दी जिम्मेदारी

नैनीताल। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में विगत 11 अप्रैल को संपन्न लोक सभा मतदान के बाद 23 मई को आठ बजे से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतगणना स्थलों पर मतगणना का कार्य प्रारंभ होगा। एमसीएमसी प्रभारी व सूचना उपनिदेशक योगेश मिश्रा ने बताया कि एमबीपीजी कालेज हल्द्वानी कालाढूंगी विधानसभा मतगणना केंद्र में इसका प्रभार सत्यानंदन भगत व गोविंद गिरी गोस्वामी को सौंपा गया है। इसके अलावा नैनीताल विधानसभा मतगणना केंद्र में डा. नीरज कुमार रूबाली व आनंद सिंह नेगी, भीमतला विधानसभा मतगणंना केंद्र में युगल किशोर जोशी व राकेश पाल, हल्द्वानी विधानसभा में एचएस नयाल व उमेश चन्द्र जोशी, लालकुआं विधानसभा मतगणना केंद्र में ब्रजेश परिहार व प्रीति तथा रामनगर विधानसभा मतगणना केंद्र में अमन अनिरुद्ध व डा. प्रदीप उपाध्याय को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

शहीद सैनिक स्कूल की रेड व बी टीम सेमीफाइनल में

नैनीताल। जिला क्रीड़ा संघ व जिमखाना क्लब के सहयोग से नैनीताल के प्रतिष्ठित शेरवुड कालेज की ओर से आयोजित 150वीं शेरवुड आमंत्रण इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में भारतीय शहीद सैनिक स्कूल की रेड टीम तथा बी टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की।

डीएसए मैदान में खेले गए पहले क्वाटर फाइनल मुकाबले में भारतीय शहीद सैनिक स्कूल की रेड टीम के खिलाडियों ने बल्लेबाजी कर 17 ओवर में 5 विकेट गवाकर 162 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत अजय ने सर्वाधिक 42 जबकि दीपक को 31 रन बनाकर संतोष करना पड़ा। बिड़ला विद्या मंदिर की ओर से इंद्र व प्रियांशु ने 2-2 विकेट चटकाए। जवाब में बिड़ला विद्या मंदिर के खिलाड़ी निर्धारित 17 ओवर में 9 विकेट गवाकर 116 रन ही अर्जित कर पाए। आलोक ने 46 जबकि प्रांजल ने 19 रनों का योगदान दिया। सैनिक स्कूल रेड से अजय को चार तथा अनिल को एक विकेट लेने में कामयाबी हासिल हुई। दूसरे क्वाटर फाइलन मुकाबले में बिशप शा इंटर कालेज के खिलाडियों ने बल्लेबाजी कर 17 ओवर में 8 विकेट पर 106 रन बनाए। करन तथा गौरव ने 26-26 रन बनाए। भारतीय शहीद सैनिक स्कूल से प्रांजल व जीवन ने दो-दो जबकि दीपक ने एक विकेट लिया। जवाब में सैनिक स्कूल के खिलाडियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत 15 ओवर में चार विकेट गवाकर मैच जीत लिया। अभिषेक ने 44 तथा प्रांजल ने 32 रन बनाए। बिशप शा इंटर कालेज से गौरव व राहुल ने दो-दो विकेट लिए। निर्णायक विनय चौधरी व मनोज कुमार तथा सतीश कांडपाल व वीनित पाठक जबकि स्कोरर तथा उद्घोषक धीरज पांडे थे। आयोजक सचिव रवि प्रकाश जोशी ने बताया कि बुधवार को सुबह 9 बजे से सैनिक स्कूल की ए टीम बनाम अम्तुल स्कूल तथा बिड़ला तथा सैनिक स्कूल की रेड टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगें।

18 तक जमा होंगे आनलाइन आवेदन

नैनीताल। डीएसबी परिसर छात्रसंघ अध्यक्ष महेश सिंह महर के नेतृत्व में छात्रों का शिष्टमंडल कुविवि परीक्षा नियंत्रक प्रो. संजय पंत से मिला। शिष्टमंडल ने कुविवि के सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि बढ़ाने की मांग की। इस दौरान असमर्थता जताने पर छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। बाद में कुविवि की ओर से सेमेस्टर की 15 मई से होने वाली परीक्षा के आवेदन पत्र जमा करने की आनलाइन तिथि 18 मई घोषित कर दी। छात्रों का कहना था कि सेमेस्टर में भागीदार करने वाले विद्यार्थी पोर्टल में खराबी आने के कारण आवेदन पत्र नहीं भर पा रहे हैं। वह इसके लिये विवि का चक्कर लगा रहे हैं। शिष्टमंडल में मनोज बिष्ट, संजय बिष्ट, सोनू कनवाल, पंकज भट्ट, हिमांश बमेठा, गौरव मठपाल आदि शामिल थे।

ताल में डूबा युवक दूसरे दिन भी नहीं मिला

भीमताल। नौकुचियाताल में बीते सोमवार को डूबे युवक का दूसरे दिन भी पता नहीं चल पाया है।

मंगलवार को भी एसडीआरएफ व स्थानीय पुलिस के गोताखोरों ने सुबह से शाम तक झील में कांटे डालकर खोजबीन की। इस दौरान उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह चनौतिया, नाव चालक संघ अध्यक्ष दुर्गादत्त पलड़िया, ज्येष्ठ प्रमुख अनिल चनौतिया व युवक के परिजन भी मौजूद रहे।

एक्सपर्ट गोताखोर बुलाने की मांग

भीमताल। विधायक राम सिंह कैड़ा ने डीएम से वार्ता कर नौकुचियाताल झील में डूबे युवक को ढूंढने के लिए बाहर से एक्सपर्ट गोताखोर बुलाने की मांग की है। उन्होंने डीएम को बताया कि युवक को डूबे दो दिन हो गए हैं और स्थानीय पुलिस व एसडीआरएफ के जवान उसकी ढूंढखोज में लगे हैं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली है। झील की गहराई काफी होने के चलते हरिद्वार या टिहरी से एक्सपर्ट गोताखोरों की टीम बुलाई जाये। परिजनों द्वारा उन्हें बार-बार युवक को झील से जल्द निकालने का आग्रह किया जा रहा है। विधायक ने बताया कि डीएम ने उन्हें बाहर से गोताखोर बुलाने का भरोसा दिया है। विधायक ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए बताया कि सरकार से परिजनों को आर्थिक सहायता दिलायी जायेगी।

नौकुचियाताल में खोलें एटीएम

पांच किमी दूर भीमताल आकर एटीएम से निकालते हैं पैसा

भीमताल। पर्यटन नगरी नौकुचियाताल क्षेत्र में एटीएम खोलने की मांग मुखर होने लगी है। क्षेत्र में किसी भी बैंक का एटीएम नहीं होने से वहां पहुंचने वाले सैलानियों समेत स्थानीय लोगों को आये दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के खाता धारकों समेत होटल कारोबारियों को नौकुचियाताल से पांच किमी दूर एटीएम से पैसों की निकासी के लिए भीमताल आना पड़ता है। इसके अलावा भीमताल के डांठ क्षेत्र में भी एटीएम का अभाव है।

नाव चालक संघ अध्यक्ष दुर्गादत्त पलड़िया, पर्यटन कारोबारी शिव दत्त शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी, ज्येष्ठ प्रमुख अनिल चनौतिया, प्रधान किरन भट्ट, पूर्व प्रधान विशन पोखरिया, राकेश बृजवासी, सभासद ललित महरा ने जिला प्रशासन से नौकुचियाताल में एटीएम खोलने की मांग की है। बताया कि भीमताल के मल्लीताल के बाद नौकुचियाताल तक किसी भी बैंक का कोई एटीएम नहीं है। इससे नौकुचियाताल पहुंचने वाले सैलानियों को आए दिन दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। साथ ही नौकुचियाताल क्षेत्र के बुजुर्ग पेंशन धारकों को खातों से पैसों की निकासी के लिए आए दिन भीमताल आना पड़ता है। उन्होंने जिला प्रशासन से नौकुचियाताल में एटीएम खोलने की मांग की है। ताकि सैलानियों समेत होटल कारोबारियों व स्थानीय लोगों को लाभ मिल सके।

उत्कृष्ट खिलाड़ियों को दिए पुरस्कार

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा मंगलवार को परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कुविवि स्तर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट स्पोर्टस पर्सन ऑफ दि ईयर का खिताब पुरूष वर्ग में शुभम सिंह को जबकि महिला वर्ग में पूजा रावत व पूनम आगरी को दिया गया। इसके अलावा फुटबाल में सूरज खर्कवार व प्रदीप मेहरा, देव, नरेश कुमार, अनिल को, क्रिकेट में अंजलि, पिंकी, हंसी व नुपूर को जबकि हाकी की पुरूष व महिला टीम के लिए आयुषी राठौर, राधा नेगी, कैलाश, विजय व गौतम को तथा बालीबाल महिला व पुरूष टीम में नरेन्द्र सिंह अधिकारी व भावना गैलाकोटी, सैपक टाकरा में

डीएसबी परिसर में खेल प्रतियोगिता के लिये सम्मानित छात्र-छात्राएं

विजय बहुगुणा, मो. आदिल व ज्योति बिष्ट को, ताइक्वांडो में योगेन्द्र व कार्तिके को, क्रासकंट्री में मोहित टम्टा को, बाक्सिंग में अमित सिंह को, ट्रेकिंग एवं फिटनेस में धीरज सिंह मेहता को व बास्केट बॉल में राहुल को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेडलिस्ट इन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों में ड्राप-रो-बॉल में पूनम आगरी को गोल्ड मेडल व पांच हजार रूपए नकद, पूजा बिष्ट, नरेन्द्र सिंह व ईश्वर सिंह को रजत पदक व 3-3 हजार रूपए तथा शुभम को कांस्य पदक व 2 हजार रूपए की नकद धनराशि प्रदान की गयी। इसके अलावा मिनी गोल्फ के खिलाड़ियो में पूजा रावत को कांस्य पदक व 3 हजार रुपए जबकि विवेक बिष्ट को कास्य पदक व 2 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की गयी। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. पदम सिंह बिष्ट, कुविवि के क्रीड़ाधिकारी डा. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा, प्रो. इंदु पाठक, प्रो. चंद्रकला रावत, प्रो. अर्चना श्रीवास्तव, प्रो. एसएस बर्गली, डा. शशि पांडे, प्रो. एलएस लोधियाल, प्रो. ललित तिवारी, सहायक लेखाधिकारी केसी चतुर्वेदी आदि मौजूद थे। संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डा. संतोष कुमार ने किया।

प्रिंसिपल की कुर्सी दो साल से खाली

- प्रयोगशाला का भी हाल बुरा
- स्कूल में सफाई व्यवस्था चौपट

कालाढूंगी। सरकार व शिक्षा विभाग सरकारी स्कूल कॉलेजों में बेहतर शिक्षा देने के वादे कर रहा है परंतु इन वादों को अमलीजामा पहनाने में सरकार व विभाग फिसड्डी साबित हो रहा है। विकास खंड कोटाबाग बैलपड़ाव स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में दो साल से प्रधानाचार्य नहीं है।

इस कालेज में कुछ समय पहले ही कन्या विद्यालय बैलपड़ाव को भी सम्मलित कर दिया गया है। इस कॉलेज में प्रयोगशाला का भी हाल कुछ ठीक नहीं है। अंग्रेजी प्रवक्ता भी नहीं है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत

राजकीय इंटर कॉलेज कालाढूंगी

अनेकों कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। स्कूल कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता है। इस कॉलेज में स्वच्छता नाम की कोई चीज नहीं है। कॉलेज प्रांगण में बने शौचालयों की हालत खस्ता है। कालेज में इस समय लगभग 30 से 40 छात्राओं सहित लगभग 250 छात्र अध्ययनरत हैं। शौचालयों का बुरा हाल होने से छात्र परेशान हैं। छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर कॉलेज प्रबंधन द्वारा बताया गया कि स्वच्छक के अपनी बेटी के विवाह में लगे होने के कारण ऐसा हुआ है। कॉलेज के बच्चों द्वारा क्षेत्र में रैली निकालकर क्षेत्रवासियों को स्वछता के प्रति जागरूक किया जाता है लेकिन खुद के अंदर का हाल निराशजनक है।

स्वच्छक के छुट्टी के कारण गंदगी

कालाढूंगी। राजकीय इंटर कालेज बैलपड़ाव के प्रभारी प्रधानाचार्य देवकी दास आर्या ने बताया कि कॉलेज के स्वच्छक की बेटी का विवाह होने के कारण वह छुट्टी पर था इसलिए थोड़ी गंदगी हुई। अब छुट्टी से आ गया है सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो गयी है। उधर, खंड शिक्षा अधिकारी भास्करानंद पांडे के संज्ञान में जब गंदगी का मामला लाया गया तो उन्होंने तुरंत सफाई व्यवस्था को ठीक करने के निर्देश दिए। पांडे ने बताया कि प्रधानाचार्य और अंग्रेजी प्रवक्ता के रिक्त पदों की सूचना जब भी विभाग द्वारा मांगी जाती है तो भेज दी जाती है।

कई अवैध निर्माण ध्वस्त

नैनीताल। जिला विकास प्राधिकरण के सचिव हरवीर सिंह के निर्देश पर शहर में हो रहे अवैध निर्माणों को लेकर टीम ने ध्वस्तीकरण अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को स्नोव्यू में मोहन राम के पक्के मकान का निर्माण किया जा रहा था।

मौके पर पहुंच कर टीम ने मकान ध्वस्त कर दिया। वहीं सूखाताल स्थित रईस अहमद ने टीनशेड डालकर निर्माण किया था उसे भी टीम ने मौके पर पहुंच कर ध्वस्त कर दिया। जिला विकास प्राधिकरण के सचिव ने कहा है कि शहर में अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे।

उन्होंने लोगों से अवैध निर्माण ना करने की अपील की है। ध्वस्तीकरण टीम में विजय माथुर, अतुल गुप्ता, हीराबल्लभ जोशी, खुशहाल सिंह, इरशाद हुसैन आदि मौजूद थे।